University in News on 24 August 2024

AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

एमकॉम, एलएलबी व बीपीएड का दूसरा सीट आवंटन जारी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय ने शुक्रवार को एमकॉम, एलएलबी व बीपीएड कोर्स में दाखिले के लिए दूसरा सीट आवंटन जारी कर दिया। अभ्यर्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट lkouniv.ac.in पर सीट आवंटन से जुड़ा विवरण देख सकते हैं।

- प्रवेश समन्वयक डॉ. अनित्य गौरव ने पत्र जारी कर इस संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अभ्यर्थी लॉगइन आईडी और पासवर्ड के माध्यम से अपना सीट आवंटन देख पाएंगे। आवेदकों को यह सीट आवंटन उनकी च्वाइस फिलिंग के बाद मेरिट के आधार पर किया गया है। जो भी अभ्यर्थी सीट आवंटन की प्रक्रिया से संतुष्ट है वह 25 अगस्त को रात 12 बजे तक सीट कन्फर्मेशन शुल्क विवि की वेबसाइट पर जमा कर दें। किसी तरह की समस्या पर प्रवेश समन्वयक कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं। (संवाद)

बीबीए में अब आठ सप्ताह की इंटर्नशिप

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में बीबीए करने वाले विद्यार्थियों को अब आठ सप्ताह की इंटर्नशिप करनी होगी। यह इंटर्नशिप चौथे सेमेस्टर में करनी होगी। अभी तक छह सप्ताह की इंटर्नशिप का ही प्रावधान था। लविवि में बीबीए कोर्स के संचालन के लिए अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) से मान्यता मिलने के बाद उसके नियम भी प्रभावी हो गए हैं।

अभी तक विवि अपने नियमों के तहत कोर्स चला रहा था। इसमें छह सप्ताह के लिए इंटर्नशिप का प्रावधान था। एआईसीटीई के मानकों में यह आठ हफ्तों का है। लविवि के नवीन परिसर स्थित आईएमएस संस्थान की ओएसडी डॉ. विनीता काचर ने बताया कि इंटर्नशिप में विद्यार्थी को किसी कंपनी, बैंक, प्रतिष्ठान में व्यावहारिक ज्ञान सीखना होगा। इसके बाद इसकी रिपोर्ट कोर्स वर्क में शामिल करनी होगी। इसके नंबर विद्यार्थी के परीक्षाफल में जोड़े जाएंगे। (संवाद)

खाली सीटों पर आवेदन का आज अंतिम मौका

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में तकनीकी कोर्स में खाली सीटों पर प्रवेश के लिए आवेदन फॉर्म भरने का शनिवार को अंतिम मौका है। विवि ने तकनीकी शिक्षा परिषद की काउंसिलिंग के बाद बीटेक, एमसीए व बीफार्मा की खाली सीटों पर प्रवेश के लिए आवेदन मांगे थे। इसकी अंतिम तिथि 24 अगस्त तय की थी। लविवि के प्रवक्ता प्रो. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि इन कोर्सों में अभ्यर्थियों को खाली सीटों पर सीधे प्रवेश देने का निर्णय लिया गया है। इसके साथ ही बीटेक और एमसीए कोर्स में लैटरल एंट्री के जरिये दूसरे वर्ष में सीधे प्रवेश दिए जाएंगे। आवेदन पत्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर मौजूद है। आवेदन करने वाले अभ्यर्थी का जेईई 2024, सीयूईटी यूजी अथवा पीजी में से कोई एक परीक्षा पास होना अनिवार्य है। प्रवेश मेरिट सूची के आधार पर किए जाएंगे। (संवाद)

HINDUSTAN PAGE 6

एलयू: बीपीएड और एलएलबी में सीटें आवंटित

लखनऊ। एलयू में परास्नातक प्रवेश प्रक्रिया के तहत बीपीएड और एलएलबी में सीटों का आवंटन किया गया है। एमबीए या एमटीटीएम पाठ्यक्रम की संपूर्ण मेरिट सूची भी जारी कर दी गई है। अभ्यर्थी एलयू की आधिकारिक वेबसाइट के एडमिशन पेज पर जाकर देख सकते हैं। इस संबंध में प्रवेश समन्वयक की ओर से निर्देश जारी किए गए हैं। प्रवेश समन्वयक डॉ. अनित्य गौरव का कहना है कि ऑनलाइन सीट कंफर्मेशन फीस जमा करने की अंतिम तिथि 25 अगस्त है।

JAGRAN CITY PAGE III

एमबीए की मेरिट जारी

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने एम.बी.ए., मास्टर आफ टूरिज्म एंड ट्रैवल मैनेजमेंट (एमटीटीएम) पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए मेरिट सूची जारी की। शुक्रवार को परास्नातक के तीन पाठ्यक्रमों में सीटों के सापेक्ष दूसरा सीट आवंटन भी जारी किया गया। इनमें एल.एल.बी., एम.काम और बी.पी.एड कोर्स शामिल हैं। प्रवेश समन्वयक डा. अनित्य गौरव ने बताया कि अभ्यर्थी अपने लागिन के माध्यम से सीट आवंटन देख सकते हैं। सीट पाने वाले अभ्यर्थियों को 25 अगस्त को रात 12 बजे तक फीस जमा करने का मौका दिया गया है।

AMRIT VICHAR PAGE 5

लविवि : एमकॉम, बीपीएड और एलएलबी प्रवेश में दूसरे एलॉटमेंट का परिणाम जारी

अमृत विचार, लखनऊ: लखनऊ विश्वविद्यालय परास्नातक प्रवेश (पीजी) सत्र 2024-25 के अन्तर्गत एमकॉम (कॉमर्स), बीपीएड और एलएलबी पाठ्यक्रमों की ऑनलाइन काउंसिलिंग के अन्तर्गत उपलब्ध सीटों के सापेक्ष दूसरे एलॉटमेंट का परिणाम शुक्रवार को घोषित कर दिया गया है। अभ्यर्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर आवंटित सीट का विवरण देख सकते है। फीस 25 अगस्त की रात्रि 12 बजे तक जमा की जा सकेगी।

VOICE OF LUCKNOW PAGE 4

लखनऊ विश्वविद्यालय पुलिस भर्ती परीक्षा केन्द्र के बाहर अभ्यर्थियों की भीड़